राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल से मिले पचास से अधिक बार रक्त दे चुके रक्तदाता

जयपुर, 7 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को माउंट आबू स्थित राजभवन में ग्लोबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. प्रताप मिढ्ढा के नेतृत्व में रक्तदाताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।

डॉ. प्रताप मिढ्ढा ने राज्यपाल को बताया कि ये सभी रक्तदाता पचास से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने रक्तदान को पुनीत कार्य बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने युवाओं से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि कहा कि रक्त अनमोल है, यह किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है।

इस दौरान आबूरोड ग्लोबल रोटरी ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्र सिंह और पचास से अधिक बार रक्तदान कर चुके श्री भगवान अग्रवाल, श्री सुरेश सिंदल, श्री सुरेश थिंगर, श्री दीपक त्रिपाठी एवं श्री लईक अहमद उपस्थित रहे।

\-\-\-\-\-\-